

# मैहर मेले में 2 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी, 2 घायल

## मेला परिसर में मौजूद स्वास्थ्य टीम ने उपचार कर भेजा सिविल अस्पताल

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च. चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मैहर स्थित मां शारदा का दर्शन करने के लिए हर रोज 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. मैहर मेला परिसर में जबरदस्त भीड़ के बीच फंसकर 2 श्रद्धालुओं की तबियत बिगड़ गई. इसके साथ ही 2 श्रद्धालु गिरकर घायल हो गए.** यह तो गनीमत रही कि मौके पर मौजूद स्वास्थ्य टीम द्वारा त्वरित उपचार करने के बाद उन्हें आगे के उपचार के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया. जिसके चलते कुछ देर बाद उनकी हालत सामान्य हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार



ललितपुर उप्र की निवासी 15 वर्षीय बालिका अपने परिजनों के साथ मैहर स्थित मां शारदा का दर्शन करने के लिए आई थी. मंदिर मेला क्षेत्र में काफी देर तक लाइन में लगे रहने और भीड़ भाड़ की वजह से उसे अचानक एपिलेप्टिक सीजर यानी उल्टी और मानसिक तौर पर विचलित होने की शिकायत शुरु हो गई. जिसे देखते हुए परिजन सहित आस पास के लोग फौरन ही बालिका को मेला क्षेत्र में मौजूद स्वास्थ्य टीम के पास ले गए. जहां पर मौजूद डॉ. सौरभ सिंह तिवारी और डॉ. संतोष कुमार जाटव सहित मेडिकल टीम द्वारा त्वरित उपचार शुरु किया गया. हालत में सुधार होता देख बालिका को मानसिक परामर्श देने के बाद आगे के उपचार के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया. इसी तरह की अन्य घटना सतना के सोहावल ब्लाक अंतर्गत श्रीनगर गांव के निवासी 6 वर्षीय बालक के साथ हुई. मंदिर में देवी दर्शन करने के बाद परिजनों के साथ लौटते समय भीड़ का धक्का लगने के कारण बालक गिरकर घायल हो गया. जिसे उपचार के लिए मेला कार्यालय लाया गया. जहां पर मौजूद चिकित्सकों द्वारा उसकी मरहम-पट्टी करते हुए उपचार किया. उपचार के बाद दोनों ही बच्चों की हालत में सुधार होने लगा.

### चक्कर खाकर गिरा श्रद्धालु

प्रयागराज उप्र के मधोमई गांव के निवासी और 48 वर्षीय लालता सोनकर जैसे ही प्रथम तल पर पहुंचे वैसे ही उन्हें अचानक चक्कर आने लगा और देखते ही देखते वे गिर गए. उनकी हालत को देखते हुए फौरन उन्हें स्वास्थ्य टीम के पास पहुंचाया गया. मेला प्रभारी डॉ. पीयूष पाण्डेय के अनुसार मरीज का रक्त चाप 158/86 और नाड़ी की दर 104 प्रति मिनट पाई गई. जिसे देखते हुए स्वास्थ्य टीम ने फौरन ही उनका उपचार शुरु किया. हालत में सुधार आने पर मरीज को फौरन ही सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां पर उपचार के बाद उनका स्वास्थ्स सुधर गया.

### सिर में आई गंभीर चोट

दमोह निवासी विकास चौबे अपने परिवार के साथ मां शारदा देवी का दर्शन करने के लिए मैहर पहुंचे थे. बताया गया कि रोपवे प्वाइंट पर स्थित बाथरुम में जाने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया. जिसके चलते गिर जाने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आ गई. घायल मरीज की हालत देख आस पास के लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई. डॉ. पीयूष पाण्डेय के अनुसार मेला क्षेत्र में मौजूद स्वास्थ्य टीम ने आनन-फानन में मरीज का प्राथमिक उपचार किया. जिसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल भेज दिया गया. जहां पर उपचार के बाद उनकी हालत में सुधा आना बताया गया.



# हाथ ठेला खींच रहा मजदूर हुआ बेसुध, मौत

## शहर के कंपनी बाग क्षेत्र में देर रात हुई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च. हाथ ठेला में सामान लादकर किराने की दुकान तक पहुंचाने जा रहे मजदूर को रास्ते में अचानक चक्कर आ गया. बेसुध होकर गिर जाने के कारण आस पास के लोगों मदद करते हुए अस्पताल पहुंचाया. जहां पर जांच करने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से सटे क्षेत्र कुड़िया गांव के निवासी 55 वर्षीय बाबूलाल साहू पिछले लगभग 15 वर्षों से शहर में मजदूरी का काम कर रहे थे. बाबूलाल हाथ ठेले के माध्यम से माल ढुलाई का काम करते थे. दिन भर हाथ ठेला पर सामान ढोते हुए उसे संबंधित प्रतिष्ठानों तक पहुंचाने के बाद रात होने पर अपने घर चले जाते थे. इसी कड़ी में रात के लगभग 11 बजे लालता चौक स्थित एक प्रतिष्ठान के गोदाम से उन्होंने साबूदाने की बोरियां उठाईं. जिन्हें ठेले पर लादने के बाद वे उन बोरियों को कंपनी बाग क्षेत्र में स्थित एक किराना दुकान तक पहुंचाने के लिए निकल पड़े. बताया गया कि हाथ ठेला खींचने के दौरान रास्ते में उन्हें अचानक चक्कर आया और देखते ही देखते वे बेसुध होकर नीचे गिर गए. उनकी हालत देखकर आस पास मौजूद लोग भाग कर उनके पास



पहुंचे और उनकी मदद करते हुए होश में लाने का प्रयास करने लगे. लेकिन इसके बावजूद भी जब उन्हें होश नहीं आया तो फौरन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया. जहां पर जांच करने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों के बीच कोहराम मच गया. परिजन बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे और सिसकते हुए बताया कि काम समाप्त कर बाबूलाल घर पहुंचने वाले थे. लेकिन उन्हें मालुम नहीं था कि वे घर पहुंच ही नहीं पाएंगे. पुलिस के अनुसार हलांकि प्रथम दृष्ट्या हार्ट अटैक की संभावना चिकित्सकों द्वारा जताई जा रही है. लेकिन विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही वास्तविक कारण सामने आ सकेगा.

## प्रभारी मंत्री राधा सिंह कल मैहर आयेंगी



**मैहर 22 मार्च,** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 24 मार्च को प्रात: 5.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री प्रात: 8 बजे मां शारदा देवी के दर्षन करेंगी। इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रात: 10 बजे सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी तथा प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों की बैठक लेंगी। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.30 बजे ग्राम पंचायत पोडी में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात सायं 4.30 बजे संगीत महाविद्यालय में कथक हॉल का लोकार्पण करेंगी।

# पहले पिस्टल से फायर, मिस होने पर बट से किया हमला

## सतना -नागौद रोड पर पेप्टिक सिटी के निकट की घटना, घायल का उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पेप्टेक सिटी कॉलोनी में रविवार दोपहर एक विवाद हो गया। आरोपी रघुराज सिंह रघु ने गौरव सिंह गोलू का रास्ता कार से रोककर उन पर पिस्टल से फायर किया। फायर मिस होने पर रघुराज ने बंदूक की बट से हमला कर गौरव को घायल कर दिया।**



घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रघुराज सिंह रघु ने अचानक अपनी कार गौरव सिंह गोलू की गाड़ी के सामने लगा दी। इसके बाद उन्होंने पिस्टल निकालकर गौरव पर गोली चलाई, लेकिन गोली नहीं चली। फायर मिस होने के बाद रघुराज ने पिस्टल की बट से गौरव के चेहरे और आंख पर हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित गौरव सिंह सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उन्हें तत्काल घटना में घायल गौरव सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। इधर, सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने घटनास्थल के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर जब्त कर लिया है और कॉलोनी के गार्ड व अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

### बैठक में हुई थी कहासुनी

बताया गया कि रविवार को पेप्टिक सिटी स्थित गुलाब पार्क में कॉलोनी की एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें गौरव और रघुराज भी मौजूद थे। बैठक के दौरान भी दोनों के बीच कहासुनी होने की बात सामने आई है। इसके बाद रघुराज वहां से निकल गए। वहीं, बैठक समाप्त होने के बाद गौरव सिंह अपनी कार से कालोनी के बाहर जाने के लिए निकले तभी रास्ते में रघुराज ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

### टेंडर का विवाद

इस मामले को लेकर सामने आई जानकारी के अनुसार कुछ माह पहले सड़क निर्माण का टेंडर खुला था, जो गौरव सिंह के नाम पर स्वीकृत हुआ था। इस टेंडर प्रक्रिया में रघुराज सिंह भी एक निविदाकर्ता के रूप में शामिल थे। बताया गया कि टेंडर मिलने से पहले दोनों के बीच मित्रतापूर्ण संबंध थे, लेकिन टेंडर स्वीकृत होने के बाद हालात बिगड़ गए। रघुराज सिंह ने गौरव सिंह से काम में हिस्सेदारी की मांग की थी, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया था। इसी तनाव के चलते रघुराज कुछ समय के लिए शहर से बाहर चले गए थे, लेकिन अब यह मामला हिंसक रूप लेता नजर आने लगा है।

# घायल नीलगाय ने दम तोड़ा,वन अमले ने पोस्टमार्टम के बाद कराया अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, जिले के नागौद वन परिक्षेत्र अंतर्गत जादवपुर बीट के हनुमानपुर गांव में कई दिनों से घायल अवस्था में घूम रही एक नर नीलगाय की रविवार को मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम कराया।**

प्रभारी रेंजर नीतेश गंगेले के अनुसार, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सुरेंद्र मिश्रा ने वन विभाग को सूचित किया था कि नीलगाय पिछले कई दिनों से हनुमानपुर



गांव के आसपास घायल अवस्था में देखी जा रही थी।

रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि नीलगाय गांव के एक बगीचे में आकर बैठ गई है और उठ नहीं पा रही है। सूचना पर परिक्षेत्र सहायक सुरदहा, जादवपुर बीट गार्ड, रहिकवारा बीट गार्ड, श्यामनगर बीट गार्ड सहित वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नर नीलगाय की मृत्यु हो चुकी थी। उसके शरीर पर लगभग एक माह पुराने दो गहरे घाव थे, जिनमें बड़ी मात्रा में कीड़े पड़ चुके थे और दुर्गंध आ रही थी। वन विभाग ने मृत नीलगाय को अपने कब्जे में लेकर पशु चिकित्सा अधिकारी नागौद से पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जादवपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-312 में नियमानुसार शवदाह किया गया। वन विभाग द्वारा पंचनामा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार कर प्रकरण दर्ज किया गया।

### आपसी संघर्ष का अनुमान

वन अमले ने प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया कि ये घाव आपसी संघर्ष के दौरान सींग लगने से हुए होंगे। घावों में संक्रमण के कारण नीलगाय की हालत लगातार बिगड़ती गई, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौत हो गई।


# डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां शारदा के दर्शन

## चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन देशभर से आए भक्त, त्रिकूट पर्वत पर गूंजे माता के जयकारे

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, मैहर में चैत्र नवरात्रि के मौके पर मां शारदा देवी के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। नवरात्रि के चौथे दिन यानी रविवार को डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेका। इतनी भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के कड़े इंतजाम किए हैं।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर रात के



साढ़े 9 बजे तक एक लाख 53 हजार 505 श्रद्धालुओं ने मां शारदा के दर्शन किये। रविवार को पैदल मार्ग द्वारा 145531 भक्त मंदिर तक पहुंचे। इसी कड़ी में वैन मार्ग के माध्यम से 1974 श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेका। इसके अलावा रोपवे मार्ग द्वारा 6000 श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इस लिहाज से रात के 9 बजे के बाद तक मैहर मंदिर में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की कुल संख्या 153505 तक पहुंच चुकी थी।

### अलर्ट पर प्रशासन

चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर को आकर्षक लाइटिंग कर सजाया गया है। त्रिकूट पर्वत पर स्थित इस मंदिर में भक्तों की लगातार भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सीढ़ी मार्ग से लेकर रोपवे तक हर जगह व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है ताकि देशभर से आए श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो और वे शांति से पूजा-अर्चना कर सकें।



## प्रोग्रेसिव पेन्शनर्स के रामजी मझगवां विकासखण्ड अध्यक्ष मनोनीत

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, ।प्रोग्रेसिव पेन्शनर्स एसोसियेशन मध्य प्रदेश जिला इकाई सतना की मासिक बैठक स्थानीय सण्डे एकेडमी विद्यालय में सुशील श्रीवास्तव, डी.के. पाण्डेय एवं कमल नयन सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष श्रीश पाण्डेय एवं साधौ प्रसाद जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

बैठक में प्रमुख रूप से संभागीय बैठक जो रीवा जिले के गंगेव में आयोजित की गई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई एवं प्रान्तीय आह्वान पर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में डीए एवं चिकित्सा बीमा के संबंध में जानकारी दी गई, मार्च माह में जन्मे पेशनर का सम्मान किया गया, विगत दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी के गठन पर जोर दिया गया। बैठक में श्री रामजी पाण्डेय को मझगवां विकासखण्ड का अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव रामसागर पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं राजकिशोर द्वारा अनुमोदन किया गया सर्वसम्मति से रामजी पाण्डेय को मझगवां विकासखण्ड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं उनसे यह अपेक्षा की गई कि वे शीघ्रताशीघ्र अपने कार्यकारिणी का गठन कर जिला शाखा को सूचित करें। बैठक में प्रमुख रूप से रामचन्द्र तिवारी, रमाशंकर पाण्डेय, गिरीशचन्द्र गर्ग, मथुरा प्रसाद शुक्ला, मथुरा द्विवेदी, राजललन पाण्डेय, कमलेश कचेर, मंजुला अग्रवाल, उमा द्विवेदी, प्रकाश शर्मा, राजकिशोर पाण्डेय, संतोष कुमार कुशवाहा उपस्थित रहें।

# भव्य श्री रामोत्सव का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के भुंजवा मोहल्ला स्थित लोटन अखाड़ा के पास आयोजित भव्य श्री रामोत्सव का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है।**

आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं खाटू श्याम जी के दिव्य दर्शन कर



पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। रामोत्सव के चौथे दिन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री गोविन्द सेंडे एवं श्रीमती सीमा सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमलेश गुप्ता,अशोक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनिल गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, दीपक गुप्ता, बनारसी लाल अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, मोहित, सचिन, राजकुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पतंजलि, राजेंद्र कुमार अशोक अग्रवाल, राम कुमार, श्रीनाथ गुप्ता, महेश गुप्ता एवं बबलू श्रीवास्तव का सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रियांशा पुन : प्रदेश महिला मोर्चा की सह मीडिया प्रभारी नियुक्त

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च,भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने सुश्री प्रियांशा उरमलिया को पुन: प्रदेश महिला मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा है।**

सुश्री उरमलिया की यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एड. अश्विनी परांजपे



राजवाडे द्वारा की गई है। उल्लेखनीय होगा कि सुश्री उरमलिया छात्र जीवन में शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्र संघ अध्यक्ष भी रहीं हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले उन्होने छात्र संघ का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी।



## भक्ति और श्रद्धा से सजा प्रणामी मंदिर बाबा दयाराम जी स्मृति महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, प्रणामी मंदिर रोड स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में रविवार को बाबा दयाराम जी का स्मृति महोत्सव अत्यंत भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में सुंदरसाथ जी उपस्थित होकर इस पावन अवसर के साक्षी बने।**

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें महिला मंडल ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी सुंदरसाथ जी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया।

इस अवसर पर महंत साध्वी निर्मला माता जी ने अपने प्रवचन में बाबा दयाराम जी के जीवन और उनके द्वारा निजानंद सम्प्रदाय के लिए किए गए अमूल्य योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने सभी सुन्दरसाथ जी से बाबा जी के बताए मार्ग प्रेम, त्याग और सेवा पर चलने का आह्वान किया। वहीं धर्म उपदेशक देवेंद्र प्रणामी (भोलू भाई जी) ने बाबा दयाराम जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार उनका जीवन समाज के लिए एक आदर्श है। उनके शब्दों ने उपस्थित जनसमूह के हृदय को छू लिया और सभी को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया।

### एक नजर में



#### विहिप की बैठक श्री राम उत्सव पैलेस में हुई

**सतना।** विश्व हिंदू परिषद की बैठक उत्सव पैलेस सतना में संपन्न हुई जिसमें हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री गोविंद सेंडी , सुनील शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष सीमा सिंह, और विभाग मंत्री विपिन सिंह मंचासीन रहे।केंद्रीय मंत्री ने बच्चों को संस्कार युक्त बना कर समाज में परिवर्तन की योजना बताई और कहा कि राम को जानो लेकिन उससे ज्यादा राम की मानो पर काम करना होगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नरेश शुक्ला जिला अध्यक्ष मैहर सुरेंद्र सिंह रविंद्र सिंह लक्ष्मीकांत द्विवेदी सत्य प्रकाश द्विवेदी,राम जी गुप्ता, रजनी गुप्ता, प्रशांत सिंह अशोक पटेल जितेंद्र सिंह आदर्श त्रिपाठी सूजल बाल्मीक़ उपस्थित रहे।

#### खेरमाई मन्दिर में कन्या पूजन

**सतना।** समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष सीमा



अग्रवाल एवं सचिव पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में आज खेरमाई मंदिर में कन्या पूजन एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया इसके अंतर्गत सर्वप्रथम कन्या का पूजन के बाद आलू बंडा चिप्स बिस्किट फरूटी केला जलेबी ट्रॉफी रबड़ पेंसिल आदिआवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया गया इस कार्यक्रम में शशि ममता मृदुला मीना मनिका निर्मला प्रीति हेमा सीमा प्रियंका प्रियांशा आदि बहने उपस्थित रही कार्यक्रम की जानकारी नमिता एवं जया द्वारा दी गई।

#### जिला बारात घर एंड टेंट ऐसो . की हुई बैठक

**सतना।** जिला बारात घर एन्ड टेंट डेकोरेटर्स ऐसोसिएशन के अध्यक्ष लखन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं महामंत्री विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में कल दिनांक 20/03/2025 को सुबह 11:30 बजे भरहुत नगर स्थित - कश्यप मैरिज हॉल में सतना बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त बारात घर एवं पैलेस के संचालको को नगर निगम से फायर



विभाग की आई नोटिस का जवाब और फायर एन ओसी पर विस्तृत चर्चा ,फीडबैक लेने के बाद नोटिस का जवाब और हाईकोर्ट की सन 2025 की नई गजट के तहत एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह परिहार के द्वारा तैयार किया जाना सुनिश्चित हुआ।

# भाजपा नगर के 4 मण्डलों के प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**सतना 22 मार्च, सतना नगर के पं. अटलबिहारी बाजपेयी मण्डल, पं. दीनदयाल उपाध्याय मण्डल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मण्डल एवं कुशाभाऊ ठाकरे मण्डल के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 2026 का समापन रविवार को किया गया.**

अलग-अलग स्थानो पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मे



प्रत्येक मण्डल से ब?ी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रशिक्षित होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग के समापन के दिन प्रशिक्षण वर्ग के प्रदेश प्रभारी विजय दुबे ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती पाण्डेय ने बूथ प्रबंधन विषय पर विचार व्यक्त किये। सांसद गणेश सिंह ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना से कार्यकर्ताओ को अवगत कराया तो महापौर योगेश ताम्रकार ने प्रदेश सरकार की जन हितैशी योजनाओ के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी एवं विनोद यादव ने कार्य विस्तार की दृष्टि पर प्रकाश डाला।

CMYK